आईआईएम रांची के हिंदी पखवाड़ा में भाषण में अजय, कविता में सतीश विजेता

रांची . भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रांची में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने हिंदी के महत्व के बारे में बताया। कई प्रतियोगिताएं हुईं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अजय कुमार, द्वितीय पुरस्कार अविनाश आनंद व तृतीय पुरस्कार शैताब सिन्हा को मिला। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सतीश कुमार, द्वितीय पुरस्कार अविनाश आनंद तथा तृतीय पुरस्कार नवल कुमार सिंह को दिया गया।

Dainik Bhaskar, Pg.04, 25.09.2021